दिनांक 25.04.2020

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर

भिलाई

कोरोनावायरस के संक्रमण को लेकर निगम के स्वच्छता कर्मचारियों का हुआ रेंडम परीक्षण

भिलाईनगर। कोरोना वायरस के रोकथाम एवं बचाव हेतु फील्ड में तैनात स्वच्छता कर्मचारियों का रैन्डम जांच कोरोना वायरस के तहत आज किया गया। स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा एवं शहरी कार्यक्रम के प्रबंधक तुषार वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि भिलाई निगम के 20 सफाई कर्मचारियों का सभागार में नोवल कोरोना वायरस के संक्रमण की जांच की गई। कोरोना वायरस का संक्रमण कम्युनिटी में तो नहीं फैल रहा है इसकी रेन्डम टेस्ट की जा रही है। इस परीक्षण में उन लोगों को लिया जा रहा है जो कोरोना वायरस संक्रमण के रोकथाम हेतु आवश्यक सेवाओं में लगे हुए हैं! आवश्यक सेवा में निगम के सफाई कर्मचारी भी सम्मिलित है और प्रथम पंक्ति पर है। जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम आज सुबह 11 बजे से निगम के सभागार में कोरोना वायरस के जांच संबंधी सभी उपकरण के साथ पहुंचे और डाॅक्टरों की टीम ने 20 कर्मचारियों का नमूना लिए। इस दौरान डाॅक्टरों की टीम ने सभी कर्मचारियों को कार्य के दौरान सोशल डिस्टेंस का पालन करने व समय-समय पर हाथों की सफाई करते रहने के निर्देश देते हुए स्वास्थ्य खराब होने इत्यादि पर तत्काल चिकित्सकीय परामर्श लेने की सलाह दिए। सभागार में जांच शिविर में जिला स्वास्थ्य विभाग और निगम की संयुक्त टीम , शहरी बीएमओ डाॅ.एस.के.जामगड़े, बीटीओ विजय सेजुले, आरएचओ मनोज साहू, टेमन साहू, पी देशमुख, लैब टेक्निशियन सत्यम श्रीवास , वार्ड ब्याॅय लक्ष्मण यादव सहित शहरी परिवार कल्याण केन्द्र व निगम के कर्मचारी उपस्थित थे।

जनसम्पर्क अधिकारी